भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 779

दिनांक 07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

केरल में एम्स की स्थापना

779. श्री एम. के. राघवन:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की केरल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित करने की योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त परियोजना की स्थिति क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत, विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केंद्रों की उपलब्धता में अंतर को ध्यान में रखते हुए, देश के विभिन्न भागों में चरणबद्ध तरीके से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित किए जा रहे हैं। अब तक, इस योजना के अंतर्गत 22 एम्स स्वीकृत किए गए हैं। केरल में एम्स की स्थापना के प्रस्ताव को पीएमएसएसवाई के वर्तमान चरण में मंजूरी नहीं दी गई है।

*****